डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 13 – 2083 | भोपाल, दिन गुरूवार, दिनांक 28 मई 2026

न्यूज गैलरी

ऑनलाइन पीएफ निकासी ट्रेंड 50% बढ़ा

भोपाल। ईपीएफओ की डिजिटल सुविधाएं बढ़ने के बाद ऑनलाइन पीएफ निकासी तेजी से बढ़ी है। क्षेत्रीय कार्यालय के मुताबिक पिछले एक साल में ऑनलाइन क्लेम में 50% इजाफा हुआ है। मेडिकल इमरजेंसी, बच्चों की पढ़ाई, शादी और नौकरी बदलने के मामलों में सबसे ज्यादा निकासी हो रही है। सुदृढ़ एविडेंस होने और आधार, पैन व बैंक खाते लिंक रहने ही कर्मचारी फॉर्म–19 और फॉर्म–31 से भर बैठे आवेदन कर पा रहे हैं। हालांकि कई मामलों में केवाईसी या बैंक डिटेल मिलान होने से भुगतान अटक रहा है। ईपीएफओ ने कर्मचारियों को पहले ई–नॉमिनी अपडेट कराने की सलाह दी है।

रमाणु बिजली परियोजनाओं को रफ्तार देने राज्य स्तरीय समिति बनी

भोपाल। राज्य सरकार ने परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना और मंजूरियों में तेजी लाने के लिए राज्य स्तरीय समिति गठित की है। समिति न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, एनटीपीसी और अन्य एजेंसियों को प्रशासनिक व तकनीकी सहयोग देगी। एडीएम ऊर्जा इसके अध्यक्ष होंगे। समिति में जल संसाधन, वन, पर्यावरण, राजस्व और लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधियों समेत संबंधित जिलों के कलेक्टर शामिल रहेंगे। समिति भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय क्लीयरेंस, वन अनुमति और प्रशासनिक नियंत्रण मंडल से मंजूरियां दिलाने में सहायता करेगी। शासन ने इससे जुड़े मुद्दों को आदेश भी निरस्त कर दिए हैं।

अखिल भारतीय सेवाओं के अफसरों का महंगाई भत्ता 58 से बढ़कर 60%

भोपाल। राज्य सरकार ने अखिल भारतीय सेवा (आईएएस, आईपीएस और आईएफएस) के अफसरों का महंगाई भत्ता 58 से 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी किए जाने के आदेश जारी कर दिए हैं। अभी प्रदेश में इन अफसरों 58 प्रतिशत डीए मिल रहा था जो बढ़कर 60 फीसदी हो गया है। यह आदेश 1 जनवरी से प्रभावी हो गया है। राज्य सरकार ने यह फैसला केंद्रीय वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) द्वारा 22 अप्रैल 2026 को जारी किए गए आदेश के परिवेश में किया है। अखिल भारतीय सेवाएं (महंगाई भत्ता) नियम 1972 के तहत ये डीए की बढ़ाई हुई दरें स्वतः ही राज्य में कार्यरत अखिल भारतीय सेवा के सदस्यों पर लागू हो गई हैं।

अल्पसंख्यक से अधिक बहुसंख्यक सांप्रदायिकता खतरनाक रू दिग्विजय

भोपाल। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने केंद्र व राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने नौकरी खत्म व्यवस्था की तुलना ब्रिटिश हुकूमत से करते हुए कहा कि आज सरकार के खिलाफ बोलने वालों को आजादी से पहले के क्रांतिकारियों की तरह प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक सांप्रदायिकता से कहीं ज्यादा खतरनाक बहुसंख्यक सांप्रदायिकता है, जो आज देश की सबसे बड़ी चुनौती है। इस पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा हिंदुओं को दुश्मन की तरह प्रस्तुत करती आई है।

यह प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग को जिम्मेदारी देती है

एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह से वैध और संवैधानिक, ये चुनाव आयोग का अधिकार

शीर्ष कोर्ट ने कहा– संदिग्ध नागरिकता के आधार पर जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए, उनके नाम 4 हफ्ते में केंद्र सरकार को भेजे जाएं

यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के उद्देश्य से जुड़ी हुई प्रक्रिया में कोई खामी नहीं, इसे रद्द नहीं किया जा सकता

आयोग ने अपने अधिकारों से बाहर जाकर काम नहीं किया

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर प्रक्रिया को वैध और संवैधानिक करार दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत के नेतृत्व वाली बेंच ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि चुनाव आयोग को एसआईआर के लिए विशेष प्रक्रिया अपनाने का अधिकार है। सिर्फ इसलिए एसआईआर प्रक्रिया को रद्द नहीं किया जा सकता क्योंकि यह सामान्य वोटर लिस्ट संशोधन प्रक्रिया से अलग है। अदालत ने माना कि यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के उद्देश्य से जुड़ी हुई है जिन जिलों के कलेक्टर, एसडी, नगर निगम युक्त और जिला कराने का अधिकार दिया है, इसलिए एसआईआर को अवैध नहीं कहा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कि एसआईआर प्रक्रिया में लोगों को अपनी बात रखने के कई मौके दिए गए। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि संदिग्ध नागरिकता के आधार पर जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं उनके नाम 4 हफ्ते में केंद्र सरकार को भेजे जाएं।

नागरिकता के आधार पर नहीं हटा सकते नाम

कोर्ट ने कहा कि इस प्रक्रिया में अलावा पर वोटर जानकारी से ज्यादा कुछ नहीं है, लोगों को बताने लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर होने से बचाने के लिए स्वतंत्र चुनाव कराए गए। सुप्रीम आयोग केवल वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने या हटाने तक सीमित फैसला ले सकता है। नागरिकता पर अंतिम फैसला नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि अगर किसी का नाम नागरिकता के आधार पर हटाया गया है तो उसे वापसी का अधिकार है। आयोग को उपयुक्त प्राधिकरण द्वारा नागरिकता का निर्धारण होने तक उसे इनका रोका सकता वोटर लिस्ट भी सुरक्षित बनाए रखने में है।

अब तक 10 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर

देश के 10 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर हो चुका है। इनमें अब तक कुल 7.41 लाख वोटरों के नाम हट चुके हैं। मिजोरम में 30 जून से एसआईआर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पहले फेज में बिहार शामिल था। दूसरे फेज में 9 राज्य और 3 केंद्रशासित प्रदेश शामिल थे। इसमें गोवा, प्रदेश, छत्तीसगढ़, लक्षद्वीप, गुजरात, यूपी, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, पांडुचेरी, लक्षद्वीप और अंडमान–निकोबार थे। एसआईआर के तीसरे फेज में 16 राज्य और 3 केंद्रशासित प्रदेश कवर होंगे। पूरी प्रक्रिया 30 मई से 23 सितंबर

खुदकुशी का मामला सुसाइड नोट लिखा– अच्छी बेटी नहीं बन सकी, मुझे माफ करना

नोट लिखा– अच्छी बेटी नहीं बन सकी, मुझे माफ करना

पुलिस पढ़ाई और तैनाव के एंगल पर जांच में जुटी

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

चार इमली इलाके में पुलिस मुख्यालय में पदस्थ एआईजी और इंदौर के पूर्व एसपी राजीव रंजन की 16 वर्षीय बेटी ओजस्वी की खुदकुशी के मामले में पुलिस को सुसाइड नोट मिला है। छात्रा ने डायरी के फटे पन्ने पर लिखा, मम्मा–पापा बहुत प्यार करती हूं, आपको, सोशाली मा को बहुत प्यार करती हूं। मैं अच्छी बेटी बनने में असफल रही, मुझे माफ करना।

हबीबगंज पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस खुदकुशी के कारणों की जांच कर रही है। एसीपी राजेश कुमार तिवारी के मुताबिक मंगलवार सुबह घरेलू सहायकों ने छात्रा को फांसी पर लटकी हालत में देखा था। माता–पिता दफ्तर जाने गए थे। दोपहर में उसे लेने के लिए आयाज दी गई लेकिन, जवाब से कोई जवाब नहीं मिला। बाद में पिता संजीव कंवल घर पहुंचे तो कमरा अंदर से बंद मिला। घरेलू सहायकों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया, जहां छात्रा चुन्नी के फंदे पर लटकी मिली। पुलिस के मुताबिक ओजस्वी 12वीं की छात्रा नम आंखों से विदा अंतिम प्रणाम।

वीं। एक साल पहले पढ़ाई में सुधार के लिए उसका स्कूल बदला गया था। वह मनोवैज्ञानिक विषय से पढ़ाई कर रही थी। पुलिस पढ़ाई और बेहतर प्रदर्शन के दबाव के एंगल पर भी जांच कर रही है।

परिवार के करीबी लोगों के मुताबिक ओजस्वी को पढ़ाई ने बचपन में गोद लिया था और परिवार में बेहद स्नेह से पाला गया था। पुलिस ने छात्रा का मोबाइल लोन जब्त कर लिया है। परिजनों के बयान और सिविल जांच के बाद खुदकुशी के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

लेकिन, उधर माफिया बाज नहीं आ रहे

अवैध रेत परिवहन रोकने गए हेड कॉन्स्टेबल को ट्रैक्टर से कुचला

डीआर संवाददाता ▶▶ बालाघाट

बालाघाट में अवैध रेत परिवहन रोकने गए हेड कॉन्स्टेबल पर रेत माफिया ने ट्रैक्टर चढ़ा दिया। घटना मंगलवार देर रात शक्करनदी इलाके की है। गंभीर रूप से घायल हेड कॉन्स्टेबल राजेश राहंगडाले को दो सर्जरियां क्रेक्चर हो गई हैं। आईजी लक्ष्मी हावरकर के मुताबिक अवैध रेत परिवहन की सूचना मिलने पर प्रधान आरक्षक राहंगडाले और आरक्षक सुनील विश्वकर्मा नाके पर पहुंचे थे।

राजेश्वर राहंगडाले ट्रैक्टर को बैरिकेड उसका बैरियर बना दी। इसी दौरान माफिया ने हमला किया। गंभीर हालत में घायल प्रधान आरक्षक को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया।

डॉक्टर बोले–अगले 72 घंटे बेहद अहम

गंभीर हालत को देखते हुए बालाघाट से गोंदिया तक विशेष कॉरिडोर बनाया

घटना ने वर्दी नोटिया के सुरक्षाहीन अस्पताल रेफर किया गया। सूचना पर कलेक्टर के जिला पुलिस ने बालाघाट से गोंदिया तक विशेष कॉरिडोर बनाया। सीएमएचओ डॉ. पंकज पाकरा ने बताया कि घायल की स्थिति चिंताजनक स्थिर है।

ईद–उल–अजहा पर आज ट्रैफिक डायवर्जन सुबह 5.30 बजे से रूट बदलेगा, ईदगाह मार्ग पर भारी वाहन बंद

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

ईद–उल–अजहा पर भोपाल में शुक्रवार सुबह 5.30 बजे से ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। पुलिस के मुताबिक ईदगाह, बाबूजी मस्जिद, नीली मस्जिद और जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचेंगे। इसे देखते हुए इंदौरगेट जाने वाले नमाजी और भारी, मालवाहक और व्यावसायिक वाहनों की एंट्री बंद रहेगी।

भोपाल गेट–इकबाल पुल चार्ज, गोलघर–पानी बाजार चार्ज और बीआईटी चौराहा–दीनी अस्पताल मार्ग हल्के–दीनी अस्पताल मार्ग

नमाजियों के लिए खुले रहेंगे। पुलिस ने नमाज में शामिल नहीं होने वाले लोगों से अपने–अपने घरों से निकलने से बचने की अपील की है। इंदौर, उज्जैन और रायसेन के लिए बीआईटी रोड की ओर से आने–जाने वाली बसें चायना बस स्टैंड नहीं जाएंगी। इनका संचालन हलालपुर बस स्टैंड तक रहेगा। सेहरा, जहांगीराबाद और कोहेफिजा से आने वाले वाहनों के लिए बीआईटी रोड वैकल्पिक मार्ग रहेगा।

पैसों के विवाद में किशोर सहित 3 पर जानलेवा हमला

भोपाल। छोला मंदिर थाना क्षेत्र के शिव शक्ति नगर में पुरानी रंजिश और लेनदेन के पैसों के विवाद को लेकर 15 वर्षीय किशोर सहित तीन लोगों पर छुरी से जानलेवा हमला किया गया। पुलिस ने दर्ज कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी फैजान अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित अपने साथियों के साथ ई–रिक्शा से लौट रहा था, तभी गली के पास आरोपी ने उन्हें रोककर गाली–गलौज की और हमला कर दिया। बीच–बचाव करने आए पीड़ित के बड़े भाई पर भी ताबड़तोड़ वार किए गए, जिससे उसके हाथ की नस कट गई।

सीएस ने जताई हैरानी. सरकारी अमले पर कोई कैसे चढ़ा सकता है ट्रैक्टर–वाइक

अनुराग जैन ने कहा–ऐसी घटनाएं न हों यह कलेक्टर और एसपी की जवाबदारी

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बुधवार को अवैध खनन, शराब जलाने सहित कई मुद्दों पर जिलों के अफसरों की जानकार बैठक ली। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि कोई भी सरकारी अमले पर ट्रैक्टर और वाइक कैसे चढ़ा सकता है? जैन ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाएं किसी जिले में न हों, इसकी जवाबदारी कलेक्टर और एसपी की होगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को लेकर जिले की बात है।

नशाखोरी जलाने पर कलेक्टरों को फटकार

मुख्य सचिव जैन ने शराब जलाने की घटनाओं को लेकर जबलपुर और श्रीसिंगरौली कलेक्टरों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात नहीं है, इससे शराब जलने से बजाए ऐसे मामले बढ़ रहे हैं। जैन ने कहा कि किसानों को ट्रैक्टर से बजाए पीड़ित से कटाई कराने के लिए प्रोत्साहित करें। जैन ने कहा कि अभी गर्मी का मौसम है और सबसे अधिक प्रदूषण मैहर व सिंगरौली जिले में है। जब गर्मी में यह स्थिति है तो रात में तो और भी स्थिति बिगड़ेगी।

अवैध खनन समेत कई अन्य मसलों पर अफसरों की ली जमकर क्लास

कलेक्टर, एसपी तानी अयुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पंचायत से किया दुर्घटना संवाद

कोई ईंधन को ही कब्जा ले, गजब

बैठक में नेपानगर की सांसद के प्रदेश में अलग–अलग जिलों में 104 हैक्टेयर निजी लोगों के कब्जे में हैं। मुख्य सचिव जैन ने इस बात पर नाराजगी जताई कि ऐसा कैसे हो सकता है कि कोई सरकारी ईंधन को ही कब्जा कर ले। मानी राणी को निलंबन वाहिए। संबंधित कलेक्टर ऐसे मामले में जल्द कार्रवाई कर जानकारी दें।

शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग 40 लाख का माल राख

तीन दिन पहले ही दुकान में लगा था नया मीटर स्मार्ट मीटर

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

भोजपाली के ईदगाही इलाके में देर रात जीत इलेक्ट्रिकल्स दुकान में भीषण आग लग गई। दुकान में तीन दिन पहले लगाए गए नए स्मार्ट मीटर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग के बाद बिजली कंपनी के स्मार्ट मीटर अभियान पर सवाल खड़े हो गए हैं।

इस हादसे में दुकान मालिक कमल गौर का करीब 35 से 40 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। कमल के मुताबिक रात करीब 2 बजे इलाके की बिजली चली गई थी। रात करीब 3 बजे लगाई लौटने पर स्मार्ट मीटर में शॉर्ट सर्किट हुआ और आग तेजी से फैल गई। पूरी दुकान धुएं और लपटों से घिर गई। सूचना पर स्थानीय लोग और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। शटर में ताले लगे होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में दिक्कत हुई। काफी देर बाद ताले तोड़कर शटर खोला। पानी की बौछारें मारकर आग पर काबू पाया जा सका।

नौतपे 3 दिन | **प्रदेशभर में भीषण गर्मी, कल से राहत की बारिश**

43.6 भीपालय 48 से 72 घंटेमें प्री–मानसून

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में नौतपे के तीसरे दिन बुधवार को भीषण गर्मी का दौर रहा। 13 जिलों में पारा 45 से 46 डिग्री के बीच रहने से हीटवेव और तीव्र लू का असर रहा। भोपाल में पारा 43.6 डिग्री पर बना रहा, जिससे तेज गर्मी महसूस की गई। प्रदेश में सर्वाधिक पारा खजुराहो और नौगांव में 46.8 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3–3 डिग्री अधिक है। दतिया में 45.6 डिग्री रहा। इन तीनों जिलों में तीव्र लू चली। शेष 11 जिलों में लू का असर रहा।

यहां बदलेगा मौसमरात

गुरुवार को सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, शिवपुरी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिंगरौली, सीधी, सरगुजा, दतिया में आंधी बारिश का दौर रह सकता है।

खजुराहो और नौगांव 46.8 डिग्री, चूरू–जैसलमेर को भी पीछे छोड़ा

नौतपे के तीसरे दिन बुधवार को गर्मी में और इजाफा हुआ। खजुराहो और नौगांव में पारा 46.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो राजस्थान के चूरू और जैसलमेर (46.4 डिग्री) से भी अधिक रहा। लगातार बढ़ती गर्मी के बीच देश के 40 सबसे गर्म शहरों की सूची में मप्र के 12 शहर शामिल रहे। इस बीच भोपाल में दिन का तापमान 43.6 डिग्री रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार–प्रदेश में अगले 48 से 72 घंटे के दौरान मौसम बदल सकता है। ग्वालियर–चंबल संभाग कुछ क्षेत्रों में प्री–मानसून गतिविधियां शुरू होने के संकेत हैं। इससे कहीं–कहीं बादल, तेज हवाएं और हल्की बारिश देखने को मिल सकती है।

आगेक्य . . . अजऔरप्रदेश में लू का अलर्ट

गुरुवार को भोपाल संभाग, बुंदेलखंड, विंध्य और महाकौशल में लू का अलर्ट जारी किया गया है। छतरपुर, शिवपुरी, टीकमगढ़ के इलाकों में लू का रेड अलर्ट है।

राज्यसभा की तीसरी सीट पर भाजपा प्रत्याशी नहीं उतारेगी दिल्ली में नितिन नबीन से मिले हेमंत खंडेलवाल

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

प्रदेश में खाली हो रही तीन राज्यसभा सीटों पर होने वाले आगामी चुनावों को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष से मुलाकात की। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर मप्र की ओर से मौजूदा राज्यसभा 15 नामों का पैनल राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री को सौंपा गया है। इसमें प्रमुख रूप से नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का नाम शामिल है।

राष्ट्रीय नेतृत्व ने संकेत दिए हैं कि पार्टी का फिलहाल मप्र में तीसरी सीट पर उम्मीदवार उतारने का कोई मन नहीं है। इसलिए इसको लेकर प्रदेश स्तर से कोई बयानबाजी ना की जाए।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक अन्य नामों में अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया, समेत सामान्य, ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग से अलग–अलग नाम दिए गए हैं। गौरतलब है कि राज्यसभा चुनावों के लिए 1 जून से 8 जून के बीच नामांकन होना है। जबकि 18 जून को मतदान होगा।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 05 – 2083 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 21 मई 2026

न्यूज गैलरी

भीषण गर्मी के बीच आधे शहर में बिजली गुल, 45 डिग्री तापमान से लोग बेहाल

सीहोर। भीषण गर्मी के बीच बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज गर्मी के कारण दिनभर सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। वहीं शहर में लगातार रात बिजली कटौती नहीं होने से लोगों की राहत मिली। इधर, मानसून कार्य के चलते दशहरा बाग पंपिंग सुबह 8:30 बजे बंद किया गया, जिसे 10:30 बजे शुरू होना था, लेकिन बिजली एक घंटे देरी से 11:30 बजे बहाल हुई। आरएके कॉलेज के मौसम विभाग के तकनीकी अधिकारी डॉ. एनएन सेन ने बताया कि किसान सिंचाई की संभावना नहीं है और गर्म मौसम आगे भी जारी रहेगा।

श्रीमद्भागवत कथा में गूंजे कृष्ण जन्मोत्सव के जयकारे भक्तिमय हुआ माहौल

सीहोर। ज्येष्ठ मास के अवसर पर ब्राह्मण मर्यादाता में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धा और भक्ति का गहरा रंग घुला है। बुधवार को कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कथा व्यास पंडित रितेश तिवारी भगवान श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करेंगे। कथा स्थल को फूलों, एलीन रोशनी और आकर्षक झांकियों से सजाया गया है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर भजनों, कथा और कृष्ण जन्मोत्सव में शामिल हो रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों और पुष्पवर्षा के साथ भक्तिमय से जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

डैंटल फ्लोरोसिस शिविर में 5 बच्चे मिले पीड़ित

सीहोर। स्वास्थ्य विभाग ने ग्राम नोनीखेड़ी के आंगनबाड़ी केंद्र में डैंटल फ्लोरोसिस स्क्रीनिंग शिविर लगाया। शिविर में 30 बच्चों की फ्लोरोसिस जांच की गई। जांच में 5 बच्चों में डैंटल फ्लोरोसिस पाया गया। 27 मई को यह शिविर आयोजित हुआ।

एनसीटीई प्रथम वरण पंजीयन 30 मई तक

सीहोर। एनसीटीई चयनकर्ताओं में प्रथम वरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 30 मई तक की गई है। आवेदन सूची 10 जून को जारी होगी। सामान्य पाठ्यक्रमों में द्वितीय चरण के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 3 जून रखी गई है। सीट आवंटन सूची 7 जून को जारी होगी। उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों, अभिभावकों से कहा है कि तय समय-सीमा में ऑनलाइन पंजीयन करें।

3 केंद्री सोलर पर 78 हजार सब्सिडी, 39975 पंजीकरण

सीहोर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 10 जिलों में पीएम सूर्य घर योजना के तहत अब तक 39 हजार 975 उपभोक्ता पंजीकृत हुए हैं। इनके खातों में सब्सिडी के रूप में 311 करोड़ 64 लाख से ज्यादा राशि जमा कराई जा चुकी है। एक किलोवॉट सोलर संयंत्र पर 30 हजार की, दो किलोवॉट सोलर संयंत्र पर 60 की, तीन किलोवॉट या उससे अधिक के सोलर संयंत्र पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी केंद्र सरकार दे रही है।

100 दिवसीय निक्षय शिविर का किया निरीक्षण

सीहोर। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विश्व स्वास्थ्य संगठन के कंसल्टेंट डॉ. सलिता महेंद्रू ने लेबर कॉलोनी स्थित संजीवनी क्लीनिक में चल रहे 100 दिवसीय निक्षय शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने शिविर में आने वाले संभावित मरीजों को

खेती-किसानी पीले सोने का ही रहेगा बोलबाला, साढ़े तीन लाख हेक्टेयर में बोवनी का लक्ष्य

मौसम की संभावनाओं को देखा तय हुआ फसलों का रकबा

डीआर संवाददाता>>सीहोर

आगामी खरीफ सीजन को लेकर सीहोर जिले का कृषि विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। इस साल मौसम के मिजाज और मानसून की संभावनाओं को ध्यान रखते हुए विभाग ने जिले में खरीफ फसलों के बोवनी क्षेत्र का निर्धारण कर लिया है। कृषि विभाग के अनुसार, इस साल भी सीहोर जिले के खेतों में पारंपरिक रूप से पीला सोना यानी सोयाबीन का ही दबदबा रहेगा।

जिले की भौगोलिक स्थिति और विगत वर्षों के ट्रेंड को देखते हुए कृषि विभाग ने खरीफ 2026 के लिए फसलों का जो अनुमानित रकबा (हेक्टेयर में) तय किया है। इस बार सोयाबीन का रकबा तीन लाख 50 हजार हेक्टेयर, धान का रकबा 40 हजार हेक्टेयर, मक्का का रकबा 15 हजार हेक्टेयर, मूंग का रकबा 2,500 हेक्टेयर, उड़द का रकबा 2,500 हेक्टेयर और अन्य फसलों 10 हजार हेक्टेयर में बोई जाएगी।

मौसम की संभावना: पर्याप्त वर्षा के बाद ही शुरू करें बोवनी कृषि

वैज्ञानिकों और मौसम विशेषज्ञों ने जिले के किसानों को सख्त हिदायत दी है कि मानसून की शुरुआती फुहारों को देखकर बोवनी की जल्दबाजी न करें। जब तक जिले में कम से कम 3 से 4 इंच तक अच्छी वर्षा नहीं हो जाए और खेत की मिट्टी में गहराई तक पर्याप्त नमी न आ जाए, तब तक बोवनी शुरू न करें। कम नमी में बोवनी करने से बीज अंकुरित होकर नष्ट हो सकते हैं, जिससे किसानों को दोबारा बोवनी का भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों को सलाह दी है कि इस बार सोयाबीन और धान की बेवत प्रजातियों और जल की बचत करें।

बैकअप में उर्वरक की पर्याप्त व्यवस्था

बोवनी के इस पूरे सीजन के दौरान जिले के किसानों को खाद के लिए परेशान न होना पड़े। कृषि विभाग ने बैकअप के तौर पर जिले में 39 हजार 822 टन रासायनिक उर्वरक का मजबूत स्टाक जुटा लिया है। यूरिया 24 हजार 17 टन, डीएपी 3,605 टन, एनपीके 7,127 टन और एसएसपी 4,858 टन शामिल है। बोवनी के रकबे और फसलों की अनुमानित मांग के अनुसार ई-मित्रास पोर्टल पर मात्र 15 रुपए शुल्क देकर एमपी आनलाइन से ई-टोकन जनरेट कराकर सोसायटियों और निजी दुकानों से आसानी से खाद उठा सकते हैं।

साथ ही पकने वाली उन्नत किस्मों के बीजों का ही चयन करें। इसके साथ ही जागरूक और क्रीट जांचित बीजों से फसल को सुरक्षित रखने के लिए बोवनी से पहले बीजोपचार अनिवार्य रूप से करें।

नर्मदा घाटों 12 ट्रैक्टर-ट्रॉली वाहन जब्त

डीआर संवाददाता>>नैनवा

खेत समय से नर्मदा के घाटों से रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है, लेकिन इस पर रोक नहीं लग पा रही है। माइनिंग विभाग ने कार्रवाई करते हुए रेत से लदी 12 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की। इनके पास न रायल्टी थी, न नंबर प्लेटें। मैकोटा नगर थाना परिसर में रेत से भरी 9 बिना नंबर की ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी की गई हैं। इसके अलावा बोपालपुर से 1, रेहटी से 1 और लाडनूर से भी 1 ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर थानों में खड़ा कराया है। इस तरह 12 ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ा है। मैकोटा थाना प्रभारी रामकरन डांगी ने बताया कि यह कार्रवाई माइनिंग विभाग ने की है और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर थाने में खड़ा कराया गया है। इसके अलावा आईपीसी सिंह सिकरी ने कहा कि वे माइनिंग अधिकारी से चर्चा करेंगे और बिना नंबर के पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को नहीं छोड़ने के लिए कहेंगे। उन्होंने कहा कि नैनवा जाकर इन सभी पर कार्रवाई की जाएगी।

रेत से लदे ओवरलोड ट्रैक्टर अत्यधिक और तेज रफ्तार से तेज रफ्तार से निकलते हैं। इस दौरान कई बार हादसे होते हैं। अगर ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट ही नहीं होगी, तो हादसे या किसी विवाद की स्थिति में वाहन का सटीक पुलिस में पकड़ा कराना मुश्किल हो जाएगा। नंबर प्लेटमुक्त की कार्रवाई, रेत से लदी 12 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त सीमेंटी नहीं, नंबर प्लेट भी गायब सीहोर कोटा से मलवा छोटाबाजार पहिए नंबर प्लेट हटाने के पीछे के 4 स्याह राज हादसा हुआ तो पहचान आसान नाके पर सीहोर कोटा नंबरी ट्रैक्टर ऐसे होते हैं जो कमर्शियल (पीली प्लेट) के बजाय एमीजलवर (ट्रोपोआर्क नंबर) पर रजिस्टर्ड होते हैं, ताकि टैक्स न देना पड़े।

बिजली कटौती और जर्जर लाइनों से परेशान ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन,

डीआर संवाददाता>>आष्टा

नागसालोदी विद्युत वितरण केंद्र के नाटोनी, सिंसौल खाजा और बीजालेड़ी पंचायत के ग्रामीणों ने लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और जर्जर विद्युत व्यवस्था को लेकर विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी में बार-बार बिजली बंद होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और बुजुर्गों व बिमारों को राहत पहुंचाने की प्रेशानी पड़ रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र की विद्युत लाइनें और कंसें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। कई जगह तार नीचे लटक रहे हैं, जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है। साथ ही कई ट्रांसफार्मरों से बिजली बिल बार गुना तक बढ़कर आने की शिकायत भी की गई।

ग्रामीणों ने नए बिल लगाने, जर्जर लाइनों को बदलने और ट्रांसफार्मर लगाने में अधूरे ट्रांसफार्मर कार्य को पूरा करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तीन दिन में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

अमलाहा टोल के पास तेज रफ्तार बस ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, चालक घायल

डीआर संवाददाता>>अमलाहा

इंदौर-भोपाल हाईवे पर अमलाहा टोल के पास सड़क हादसों का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार को एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब पीछे से आ रही निजी ट्रैवल्स की स्लीपर बस ने मोटरसाईकिल से भरे ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर का चालक ड्राइवर सड़क किनारे गहरी में जा गिरा और बुरी तरह अचेतावस्था हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ट्रैक्टर गोलुखेड़ी गांव निवासी किशोर का बताया जा रहा है। हादसे में ट्रैक्टर चालक जीवन सिंह वर्मा घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वाहन की बात यह रही कि बस में सवार किसी यात्री को चोट नहीं आई।

अमलाहा चौकी प्रभारी ग्रेग सिंह ठाकुर ने बताया कि बस ने पीछे से ट्रैक्टर को टक्कर मारी थी, जिसमें चालक घायल हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।

लगातार हो रहे सड़क हादसों ने हाईवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं होने के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर सख्त निगरानी और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है।

मेलॉडी खाओ और महंगाई भूल जाओ कांग्रेस का अनोखा विरोध प्रदर्शन बना

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर में बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के लगातार बढ़ते दामों के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को कलोले अंदाज में प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक राजीव गुजराती के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर के बस स्टैंड और पेट्रोल पंप चौक में गाड़ियों, किसानों और आम लोगों को मेलॉडी चॉकलेट बांटी। यह अनूठा प्रदर्शन पूरे शहर में चर्चा का विषय बना रहा। प्रदर्शन के दौरान राजीव गुजराती ने बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के लगातार बढ़ते दामों के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने तंज कसते हुए कहा "भाजपा सांसदों ने कि जनता मेलॉडी खाए और महंगाई बेलोचपाली, बिजली कटौती और किसानों की परेशानियों को भूल जाए।" उन्होंने इस ही ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को मेलॉडी टॉफी भेंट किए जाने का जिक्र करते हुए इसे जनता की समस्याओं से जोड़कर व्यंग्य किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और लोगों को चॉकलेट बिस्किट बड़ी मात्रा में वितरण जागरूक किया।

नर्मदा में डूबे युवक का दूसरे दिन शव बरामद, 7 को बचाया

डीआर संवाददाता>>बुदनी

बरखेड़ी नर्मदा घाट पर मंगलवार को नहाने के दौरान एक हादसा हो गया। पीपल से आए 8 लोगों का समूह नर्मदा पुल के पास स्नान कर रहा था, तभी एक युवक गहरे पानी और तेज बहाव में बह गया। उसे बचाने के प्रयास में उसके साथ मौजूद अन्य साथी भी तेज धारा में फंस गए और स्थिति अत्यन्त गंभीर हो गई। स्थानीयवासियों के अनुसार सभी युवक नदी में स्नान कर रहे थे, तभी एक व्यक्ति संतुलन खोकर गहरे पानी में डूबने लगा। उसे बचाने के लिए अन्य साथी भी आगे बढ़े, लेकिन तेज धारा के कारण करीब 6 लोग खुद भी डूबने की स्थिति में पहुंच गए। इसी दौरान वहां मौजूद एक स्थानीय नाविक ने साहस दिखाते हुए अपनी नाव से एक-एक कर लोगों को बाहर निकाला और उनकी जान बचाई।

हालांकि इस दौरान एक युवक पानी में लापता हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बुदनी पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।

मंगलवार देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया। बुधवार सुबह दोबारा शुरू किए गए सर्च अभियान में पुलिस टीम ने युवक का शव बरामद कर लिया। मृतक की पहचान शलांत नेताम पिता चामरीलाल नेताम उम्र लगभग 36 वर्ष निवासी राजर मोहल्ला मोपाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी से राहत पाने वाले लोग नर्मदा में स्नान करने बुदनी पहुंचे थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि नर्मदा पुल और बरखेड़ी घाट क्षेत्र में पहले भी कई हादसे हो चुके हैं।

बावजूद इसके लोग गहराई और तेज बहाव को नजरअंदाज कर लापरवाही बरतते हैं, जिससे इस तरह की दुखद घटनाएं सामने आती रहती हैं।

नई व्यवस्था कानून के सख्त क्रियान्वयन की व्यवस्था लागू

ग्राम स्तर तक नियुक्त होंगे बाल विवाह प्रतिबंध अधिकारी

डीआर संवाददाता>>सीहोर

बाल विवाह पर प्रभावी रोक लगाने और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित अभियानों को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन ने बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने पूर्व में जारी अधिसूचना को निरस्त करते हुए अब जिला से लेकर ग्राम स्तर तक विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों को बाल विवाह अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया है। यह निर्णय बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 16 के तहत प्रदत्त शक्तियों के तहत लिया गया है। भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में नई व्यवस्था लागू की गई है, जिससे बाल विवाह की रोकथाम, निगरानी और त्वरित कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

इस नई व्यवस्था के लागू होने से अब बाल विवाह रोकने के लिए एक बेहद मजबूत और त्रि-स्तरीय से भी बड़ा प्रशासनिक तंत्र काम करेगा। जिला स्तर पर इसकी कमान जिला कलेक्टर, अपर कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संभालेंगे, जबकि अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को यह जिम्मेदारी दी गई है। तहसील स्तर पर तहसीलदार और सभी नगर तहसीलदार को कानूनन सशक्त बनाया गया है। ब्लॉक स्तर पर सीधी संभालते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। ग्रामीण और शहरी दोनों

पूरा एकाउंटबल और कर्तव्यहीन

अब अगर ग्रामों से भी बाल विवाह की सूचना मिलती है, तो वहां के पंचायत सचिव पर्यवेक्षक जानबूझ तौर पर रोकने दखल दे सकेगा और उसे रोकने के लिए अधिकृत होगा। अधिकारियों की इतनी बड़ी फौज होने से अब शादियों के मौसम में चाइल्ड मैरिज पर पूरी तरह से नकेल कसी जा सकेगी। यह आदेश महिला एवं बाल विकास विभाग और राजस्व विभाग के आपसी समन्वय से बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा में एक गेम चेंजर साबित होगी। राज्य शासन ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

क्षेत्रों के सेक्टर स्तर पर निगरानी रखने के लिए सभी राजस्व निरीक्षकों और महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। एक महत्वपूर्ण बदलाव जमीनी स्तर पर करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में सीधे पटवारी को और शहरी क्षेत्रों में नगर पालिका निकायों के जोनल अधिकारी, राजस्व अधिकारी, लेखापाल राजस्व अधिकारी और स्वास्थ्य अधिकारियों को इस कानून को लागू करने का जिम्मा सौंपा गया है। इसके अलावा छोटे शहरों की नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, उप राजस्व निरीक्षक और मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया।

वीरपुर में फाइनेंस कर्मचारियों पर महिला के घर में घुसकर 2 लाख लूटने का आरोप

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर जिले के इछावर थाना क्षेत्र के ग्राम वीरपुर में फाइनेंस संस्था के कर्मचारियों पर एक महिला के घर में घुसकर 2 लाख रुपये लूटने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता महिला संतु बाई ने इछावर थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि वह रकम उन्होंने अपने पति के अंतिम संस्कार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए संभालकर रखी थी। जानकारी के अनुसार संतु बाई ने संगठ से 75 हजार रुपये का लोन लिया था, जिसकी अधिकांश राशि चुकाई जा चुकी थी। लगभग 4,100 रुपये की अंतिम किस्त बाकी थी। इसी की वसूली के लिए 8 से 10 कर्मचारी उनके घर पहुंचे। आरोप है कि कर्मचारी महिला के पीछे-पीछे घर के अंदर घुस गए और अलमारी में रखे 2 लाख रुपये जबरन निकाल लिए। विरोध करने पर परिवार के साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की भी की गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 13 – 2083 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 26 मई 2026

न्यूज गैलरी

नाबालिग बालिका का सगा मामा ही निकला अपहरणकर्ता

आष्टा। थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण मामले का खुलासा करते हुए उसके सगे मामा को गिरफ्तार किया है। 24 मई को परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी विवेक दुबे के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार दबिश की गई। मुखबिर की सूचना पर आरोपी मामा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जिला जेल सीहोर भेज दिया गया।

पंडित कमल किशोर नागर का हुआ सम्मान

आष्टा। आष्टा की नवीन कृषि उपज मंडी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में कुपावर को श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसिलए सत्य पंडित कमल किशोर नागर जी श्रीगुरु श्री श्रद्धालु कथा का रसपान कर रहे हैं। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर भी कथा में पहुंचे और समापन पर भागवतजी की आरती की। विधायक ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र की ओर से पंडित कमल किशोर नागर का सम्मान करते हुए शालिक आयोजन को सम्मान के लिए प्रेरणादायी बताया।

व्यासपीठ से राजा दक्ष प्रसंग का किया वर्णन

आष्टा। ग्राम कालापुरा में आयोजित सात दिवसीय सत्संगमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। व्यासपीठ से पंडित विनोद भारद्वाज द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है, जबकि धार्मिक अनुष्ठान पंडित हरिकिशन शास्त्री के निर्देशन में संपन्न हो रहे हैं। कथा के दूसरे दिन राजा दक्ष प्रसंग का वर्णन करते हुए धर्म, संस्कार और भक्ति का संदेश दिया गया। इस दौरान जिला कुशवाह समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने पंडित विनोद भारद्वाज का स्वागत किया। आयोजन में जुटे कुशवाह परिवार के सदस्यों का भी सम्मान किया गया।

कृषि उपज मंडी में 12786 क्विंटल की रही आवक

आष्टा। कृषि उपज मंडी में कुपावर को कुल 12 हजार 786 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई। मंडी में विभिन्न फसलों की नीलामी हुई, जिसमें गेहूं, चना, सोयाबीन, चाई, मसूर, मक्का और मूंग के भावों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। गेहूं सुखाता 3266 से 4389 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका, जबकि चना सफेद 7021 से 8400 रुपए तक पहुंचा। सोयाबीन पीला 3230 से 9430 रुपए प्रति क्विंटल के भाव में नीलाम हुआ। किसानों की अच्छी आवक के बीच मंडी में दिनभर व्यापारिक गतिविधियां जारी रही और खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित की गई।

शर्मा तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष मनोनीत

आष्टा। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष पंडित अतुल मिश्रा ने अखिल शर्मा को सीहोर जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। अखिल शर्मा वर्तमान में जिला कोषालय सीहोर में सहायक वैज-3 के पद पर कार्यरत हैं। नियुक्ति के बाद उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और कर्मचारियों की समस्याओं के

नागरिक परेशान दिनभर जाम में फंसे रहे लोग, नहीं निकल रहा है स्थायी समाधान

अतिक्रमण से मुख्य मार्ग की यातायात व्यवस्था बदहाल

डीआर संवाददाता»आष्टा

नगर की यातायात व्यवस्था दिन ब दिन बिगड़ती जा रही है। शहर की प्रमुख सड़कों पर सुबह से लेकर देर रात तक जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहन, अस्थाई दुकानों का फैलाव, अतिक्रमण, ठेला-हाथी संचालन द्वारा सड़क घेरना तथा यातायात नियमों की अनदेखी शहर की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। गुजिश व प्रशासन की कार्रवाई किए जाने के बावजूद हालात में स्थायी सुधार नहीं हो पा रहा है।

उल्लेखनीय है कि नगर की कान्य रोड, मोघाल नाका, नया एवं पुराना बस स्टैंड, पुराने अलीपुर चौराहा और इंदौर नाका जैसे प्रमुख क्षेत्रों में दिनभर वाहनों का प्रवाह बाधित रहता है।

कई स्थानों पर दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान फैला दिया जाता है, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और वाहन निकलने में परेशानी होती है। इसके अलावा सड़क किनारे खड़े चौपहिया और छारपहिया वाहन भी जाम का प्रमुख कारण बन रहे हैं। चान्द रोड की स्थिति सबसे अधिक खराब बताई जा रही है। मोघाल नाके से लेकर शहीद भगतसिंह कॉलेज तक सड़क के दोनों ओर दुकानों का सामान काफी सड़कबुहारे में आर रहिया वाहन लगने से वाहन चालक पर ही खड़े रहने से सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक कई बार जाम लग जाता है। इससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी होती है। लोगों का कहना है कि घरों से निकलना और वापस पहुंचना भी कठिन हो गया है।

बड़े बाजार में चारपहिया वाहनों के प्रवेश

समिति के पर रोक लगाने की मांग नगर के बुधवारा बाजार से भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। यहां दिनभर चारपहिया वाहनों की आवाजाही से चार-चार धाम लगाते हैं।

गुरु रामदास पहले पूर्व पार्षदों पदाधिकारियों ने प्रशासन को आवेदन देकर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक पुराना बड़े बाजार में चारपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की थी।

प्रशासन ने कुछ दिनों तक इस व्यवस्था को लागू भी किया, जिससे राहत मिली थी, लेकिन बाद में फिर से वाहन प्रवेश शुरू हो गया। अब स्थिति यह है कि दुकानों के सामने वाहन खड़े रहते हैं और जैसे ही कोई बड़ा वाहन निकलता है, पूरा मार्ग जाम हो जाता है। पार्किंग की कोई ठोस व्यवस्था स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि कन्नौद रोड और बुधवारा बाजार सहित

प्रमुख नौ को अतिक्रमण मुक्त कर दिया जाए तथा व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था बनाई जाए, तो काफी हद तक जाम और दुर्घटनाओं की समस्या से राहत मिल सकती है। इधर यातायात पुलिस भी व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रीवी ज्यादी

शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्टर श्री बालमुरुगन के एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती सोनाक्षी रावरीना के निर्देशानुसार आगामी ईद उल जुहा पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले के नगरीय क्षेत्रों में सायन्स एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थानों से होकर गुजरा। इस दौरान प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने आमजन से आपसी भाईचारा, शांति एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि त्योहार के दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई हैं तथा प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद है।

फ्लैग मार्च में पुलिस बल एवं प्रशासनिक अमला पूरी तत्परता के साथ मौजूद रहा। अधिकारियों ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को देने का आग्रह किया। फ्लैग मार्च के मद्देनजर ने कामकाज से सुरक्षा, शेड्यूल एवं शांति का संदेश दिया गया।

शिक्षा के क्षेत्र में नेहरूजी का योगदान याद रहेगा गुराजराती

डीआर संवाददाता»सीहोर

नगरा के निर्माता, राष्ट्र स्वतंत्रता सेनानी व भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की सौ पुण्यतिथि पर जिला पार्षदों कार्यालय में उनके चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद कर उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर है

जिलाध्यक्ष रमेश गुजराती ने कार्य केक को बंद करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि नेहरू के विचारों, लोकतंत्र और शिक्षा के क्षेत्र में नेहरूजी का योगदान सदा स्मरणीय रहेगा। पंडित जवाहरलाल नेहरू जी कहते थे

कि कोई देश कभी आगे बढ़ता है जब उसके लड़कों लोग लड़कियों करें और पुस्तकालय में। इसके लिए उन्होंने शिक्षा, साहित्य, विज्ञान, तकनीक, उद्योग व कृषि से जुड़े कई बड़े संस्थान बनाए। इसी संस्थानों की बुनियाद पर भारत मजबूती से खड़ा हुआ। महान स्वतंत्रता सेनानी, देश के पहले प्रधानमंत्री व अखण्डित भारत के निर्माता पंडित जवाहरलाल नेहरू उन्होंने देश की स्मृतियों में प्रेरित रहेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एनसीएल अधिकारी ई जैसल बोरिसेल, एनएचडी प्रवीण गुप्ता, अरुण दुबे, राजकुमार नामदेव, केके रिछारिया, भगत सिंह तोमर, दीपक, पप्पलाल चन्द्रकर आसिफ अंसारी, मंगल राम, सूरज सिंह, गजराज प्रजापत, बजेश पाटीदार, महेश सिरोलिया, दिनेश लोधी, सुकरा तोमर, दरा यादव और सीएल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गोलमाल के चक्कर में चंद बोरियों के चक्कर में पूरा ट्रक रिजेक्ट

डीआर संवाददाता»सीहोर

टेंडर मानकों गुणवत्ता में गेहूं खरीदी के प्रतिष्ठित बीच में 54 हजार पर उपज से भरे ट्रक खाली नहीं हो पा रहे हैं। कथित चुंद बोरियों में दाना से चुंद कमी तो तो उस पूरे ट्रक को खाली नहीं करवा रहा था।

पंजीयन आष्टा के खरीद समिति से गेहूं से भरा एक ट्रक सलीमपुर सेंटर लेकर पहुंचा था। लेकिन यहां तैनात कर्मचारियों ने रिजेक्ट कर दिया था। कुपावर को कृषि विभाग उपार्जन अधिकारी आकाश मंगल, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के महाप्रबंधक संतोष लोनावत और नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक दिनेश रघुवंशी ने मौके पर

जांचा हकीकत देखी तो वे भी हैरान रह गए। जांच में सामने आया कि ट्रक में गरी उपज की केवल एक टोकरे की कुछ बोरियों में ही नमकता थी, बाकी पूरा ट्रक मानक क्वालिटी के गेहूं से भरा था। अधिकारियों ने इस पर नाराजगी जताई। बोले अगर चंद बोरियों के लिए पूरे ट्रक खाली रहेंगे तो परिवहन ठप होगा, किसानों का भुगतान रुक जाएगा।

कल आखिरी दिन लेकिन अभी भी 4600 किसान नहीं बेच सके उपज

जिले में गेहूं खरीदी का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। अब तक 80820 किसान उपज बेच चुके हैं, लेकिन 4600 किसान ऐसे हैं जो अब भी खरीदी का इंतजार कर रहे थे लेकिन शर्तों के अतिरिक्त के खराब ही पूरा नहीं हो सके। जिलाके खराब बुक में उनकी माप गुणवत्ता ठीक ना ही अब्बल होम है।

अब एक दिन बाकी, अभी तक हो चुकी है 7, 45 टन गेहूं की खरीदी

शासन पर गेहूं खरीदी के लिए मुकर्रर अखिरी दिन है। 7 लाख 45 हजार टन खरीदी हो चुकी है। 1 लाख 2 हजार 400 किसानों ने पंजीयन कराया था जिनमें से 94337 ने स्लॉट बुक कराए थे। अभी तक 80 हजार 820 किसान उपज बेच चुके हैं।

लीला खाड़ी में पीने के पानी का प्रबंधन हेतु कुएं के गहरीकरण का निर्माण शुरू

डीआर संवाददाता»सीहोर

ग्राम पंचायत लीला खाड़ी में लीला संस्था के माध्यम से चल रही परियोजना जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल के अंतर्गत कुएं के गहरीकरण का निर्माण शुरू कर भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन में सभी ग्रामवासी के द्वारा श्रमदान एवं पूजा अर्चना कर ग्राम की शुरुआत की गई जिसमें उपस्थित सरपंच ज्ञान सिंह गुजरात एवं लीला संस्था से जावेद जैन, सुरज वर्मा, शिवानी पटेल, चेतन बजुर, तुलसी राम, मुकेश कुमार, जानकी बाई, सीएलएफ सदस्य आदि उपस्थित रहे।

अग्रवाल परिवार की ओर से कोतवाली में लगवाया गया वाटर कूलर

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के जोकाली थाना परिसर में पीने के साफ और ठंडे पानी की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए शहर के वरिष्ठ समाजसेवी हरीश भाई अग्रवाल और राजेन्द्र अग्रवाल ने श्रीनाथ किराणे वाले अग्रवाल की स्मृति में वाटर कूलर लगवाया है। इससे थाने में शिकायत दर्ज कराने आने वाले आम नागरिकों और पुलिसकर्मियों को गर्मियों में बड़ी राहत मिलेगी।

कूलर को अधिकारियों के पुष्प अवसर पर इसका शुभारंभ करते हुए अग्रवाल परिवार की ओर से हरीश भाई अग्रवाल और राजेन्द्र अग्रवाल का पुष्पमाला से थाना प्रभारी रविन्द्र यादव ने स्वागत करते हुए कहा कि परिवारिजनों,

पीड़ितों, आगन्तुकों सहित अन्य को गर्मी में थाने पर आने वाले व पुलिसकर्मियों को काफी परेशानी उठानी नहीं हो पा रहा था, इसको लेकर हमारे द्वारा इस संकल्प में शहर के समाजसेवी राजेन्द्र अग्रवाल से बातें की गई तो उन्होंने यहां पर वाटर कूलर का इंतजाम किया है। उन्होंने बताया कि करीब 60 से 80 लीटर का यह वाटर कूलर यहां पर आने वाले सभी को शीतल पेय प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि वाटर कूलर में पानी को इंतजाम के लिए 2000 हजार लीटर की पानी की टंकी भी लगवाई गई है। इसके अलावा थाने परिसर में बारिश का पानी जमा नहीं हो इसके लिए भी नाली निर्माण आदि की जा रहा है। वहीं आगामी दिनों में थाना परिसर में पौधा रोपण आदि की गतिविधि भी की जाएगी। थाना प्रभारी श्री यादव की समाजसेवी महल का यहां पर गौजूद नागरिकों ने स्वागत किया।

आष्टा में ध्रुव समीक्षा बैठक संपन्न, पुस्तक वितरण और नामांकन बढ़ाने पर जोर

डीआर संवाददाता»आष्टा

आष्टा विकासखंड में मंगलवार को दुनियादी साक्षरता एवं रोजगारपरक ज्ञान (एफएलएन) कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक (बीआरसी) श्री अजय सिंह राजपूत ने की। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तैयारियों, पुस्तक वितरण, नामांकन वृद्धि और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

मिशन अंकुर टीम के जिला प्रभारी श्री सुमन स्वर्णकार के संचालन में आयोजित इस बैठक में विकासखंड के सभी 14 जनशिक्षक केंद्रों से 24 जनशिक्षक एवं 5 ब्लॉक कार्यालय समन्वयक (बीएसी) शामिल हुए। बैठक में पुस्तक वितरण की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त की गई। बीएसी पुस्तक प्रभारी श्री मनोहर विश्वकर्मा ने बताया कि अब्बल ब्लॉक में अब तक लगभग 349 प्रतिशत पुस्तक वितरण और 154 प्रतिशत एफएलएन वर्कबुक की ऑनलाइन एंट्री हो चुकी है। इस पर बीआरसी श्री राजपूत ने सभी जनशिक्षकों को जून के पहले सप्ताह तक शत-प्रतिशत पुस्तक वितरण और ऑनलाइन एंट्री पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में नए शैक्षणिक सत्र में छात्र पहली के नामांकन बढ़ाने, शाला त्यागी एवं अनियमित बच्चों का सर्वे कर उन्हें पुनः स्कूल से जोड़ने पर भी जोर दिया गया। साथ ही अभिभावकों से नियमित संपर्क कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। बच्चों की छुट्टियों के दौरान बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए डिजिटल अध्ययन सामग्री व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से साझा करने और बच्चों की प्रगति पर निगरानी रखने की बात कही गई। इसके अलावा स्कूलों में साफ-सफाई, बच्चों के बैठने की बेहतर व्यवस्था, रीडिंग कॉर्नर और गणित कॉर्नर विकसित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सह समन्वयक अनिल कुमार श्रीवास्तव, बीएसी श्री देवकी मेहरा, शालिनी सक्सेना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

शहर के कोलीपुरा स्थित श्री सिद्धपीठश्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर आज किया जाएगा तुलसी पूजन सहित अन्य अनुष्ठान

यज्ञ पूर्ण होने पर श्रद्धालु पहुंचे प्राचीन गणेश मंदिर

डीआर संवाददाता»सीहोर

जगत के पालनहार श्री नारायण की भक्ति करने के लिए अतिश्रेष्ठ कहे जाने वाले अधिक मास या पुरुषोत्तम मास पर शहर के कोलीपुरा स्थित श्री सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर परिसर में गुरुवार को सुबह नौ बजे तुलसी पूजन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर संत भाष्यदास महाराज के निर्देश अनुसार यज्ञाचार्य पंडित कुशल व्यास और पवन कंपट सहित अन्य शहर के प्राचीन गणेश मंदिर में पहुंचकर गत दिनों हुए यज्ञ पूर्ण

होने और तुलसी पूजन को लेकर भगवान श्री गणेश को आमंत्रण प्रदान किया।

सत्संग मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि हिंदू धर्म में अधिक मास के चौरासी कार्तिक-विष्णु, मुक्तप्रदेश,बड़ोमोदित, रुपसार आदि कहा गिनि बताया गया है। इस माह को दान, पुण्य, धर्म, पूजा, पाठ और श्रीमद्भागवत कथा के लिए अति उत्तम माना जाता है। पुराणों की मान्यता के अनुसार पुरुषोत्तम मास में समस्त सभी तीर्थ ब्रज क्षेत्र में निवास करता है, साथ ही ब्रजमंडल यानि भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थलों मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना तीर्थ की यात्रा करने का विशेष महत्व है।

सभी और तुलसी का सम्बन्ध भगवान विष्णु के साथ होने के कारण जिस घर में नियमित रूप से तुलसीजी का पूजन विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक होता है, वहाँ लक्ष्मी जी निवास करती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार तुलसी की जड़ में सभी तीर्थों, नदी में सभी देवता और ऊपरी शाखाओं में सभी वेद स्थित है। भगवान विष्णु का पूजन तुलसी दल से करने का विशेष महात्म्य है। हेमन्तऋतु के संस्कार अनुसार सभी शुभ नवरात्रि कार्यों में तुलसीदल अनिवार्य माना गया है। तुलसी घर-आंगन के वातावरण को सुखमय तथा स्वास्थ्यवर्धक बनाती है इसलिए प्रतिदिन तुलसी में जल देना तथा संध्या पूजा करना आरोग्यदायक है।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | ज्येष्ठ शुक्ल पक्षा–13,2083 | विदिशा, दिन ,गुरुवार ,दिनांक 28 मई 2026

न्यूज गैलरी

आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू

विदिशा। शासकीय आईटीआई में सत्र 2026–27 के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी वीएसडी एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। जिले की 7 आईटीआई में फिटर, इलेक्ट्रिशियन, मोटर मैकेनिक, वेल्डर, ड्रोन टेक्नोलॉजी, कोपा और मोटर टेक्नोलॉजी सहित कई रोजगारपरक ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

समय–सीमा तोड़ने पर लगेगी पेनाल्टी

विदिशा। कलेक्ट्रेट में हुई समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने लंबित आवेदनों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं प्रकरण लंबित रखने पर पेनाल्टी लगाने की चेतावनी दी।

किशोरियों को पोषण और सुरक्षा की जानकारी दी

विदिशा। महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत अंतर्राष्ट्रीय महावारी स्वच्छता दिवस पर ग्राम पंचायत भवन, अहमदपुर में जागरूकता व ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। इसमें किशोरी बालिकाओं और महिलाओं को महावारी के दौरान स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर जानकारी दी गई।

विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण व तकनीकी जागरूकता कार्यक्रम

विदिशा। नेहरू युवा मण्डल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में पॉलिटेक्निक कॉलेज में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने न्यू हॉस्टल में स्वच्छता अभियान चलाया तथा कन्या छात्रावास में पौधरोपण किया। कार्यक्रम अधिकारी मुनेश प्रजापति ने सेमिनार में तकनीकी के बढ़ते महत्व पर व्याख्यान देते हुए बताया कि आधुनिक तकनीक हर क्षेत्र में विकास का माध्यम बन रही है। विद्यार्थियों ने तकनीकी विषय पर पोस्टर बनाकर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ. नवीन नरोत्तम एवं जिला युवा अधिकारी आयुष्मा महावरिया ने मार्गदर्शन दिया।

ईद–उल–अजहा आज अमन की होंगी दुआएं

विदिशा। मुस्लिम समाज का त्यौहार, कुर्बानी और इंसानियत का पर्व ईद–उल–अजहा आज मनाया जाएगा। शहर की ईदगाह सहित अलग मस्जिदों में विशेष नमाज एवं खुतबे आयोजित होंगे, जिसके बाद भाईचारगी कुर्बानियां दी जाएंगी। मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद खलिद ने बताया कि ईदगाह में सुबह 7 बजे नमाज होगी। उन्होंने कहा कि ईद–उल–अजहा त्याग, सेवा, इंसानियत और गरीबों की मदद का संदेश देता है। जिलेवासियों से खासकर युवाओं से अपील की गई है।

पुरुषोत्तम मास में निकली झंडा यात्रा

विदिशा। पुरुषोत्तम मास के अवसर पर जिला शिवगीय गौ सेवा पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति द्वारा मालव उपखण्ड में बाघ मंदिर से जगन्नाथ मंदिर तक भव्य झंडा यात्रा निकाली गई। समिति के नोडल ऑफिसर विजय कुमार भैयाराव ने बताया कि नौजवान की भीषण गर्मी में पर्यावरण संरक्षण बेहद आवश्यक है।

कांग्रेसियों ने की महंगाई के खिलाफ नारेबाजी, कहाः आम जनता पर बढ़ता जा रहा अतिरिक्त बोझ

पेट्रोल–डीजल के बढ़े दामों के विरोध में मेलोडी बांटकर केंद्र सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल

डीजल पेट्रोल के दामों में वृद्धि के विरोध में बुधवार को कांग्रेसियों ने अनोखा प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता और पदाधिकारी पेट्रोल पंपों पर पहुंचे और मेलोडी चॉकलेट बांटकर विरोध दर्ज कराया।

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

पेट्रोल–डीजल के लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा द्वारा पेट्रोल पंप के सामने प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंप पहुंचकर पेट्रोल भरवा रहे लोगों को मेलोडी चॉकलेट वितरित की और महंगाई के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश में लगातार बढ़ रही महंगाई से आम जनता परेशान है। पेट्रोल–डीजल के दाम बढ़ने से किराना, सब्जी और सामान्य वर्ग पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाने में लगी है, जबकि आम आदमी महंगाई की मार झेल रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पहले महंगाई, बेरोजगारी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाती थी है तथा आगे भी जनता के हितों को लेकर आंदोलन जारी रहेगा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस समिति अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सिंह, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि सहू, सुशील शर्मा, रामकाज सिंह दांगी, कालूराम नीफ, अशोक माहेश्वरी, जितेंद्र तिवारी, अकेश दुबे, गोविंद यादव, नवनीत खुराना, शोभित अग्रवाल, रुपसिंह किराड़, कृष्णपाल सिंह यादव, रामकुमार पारी, पर्वतसिंह गौड़, राहुल रघुवंशी, विशाल राजोरिया, यशवंत सोन, शैलेन्द्र रघुवंशी, हरिबाबू शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। महंगी पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुलाबगंज के अध्यक्ष राजेश दांगी ने कहा कि पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमतों ने किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने कहा कि ईंधन महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ रही है, जिसका सीधा असर खाद्य सामग्री सहित रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जनता से 10 मई तक मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवकी राजा, महिला अध्यक्ष मिथिलेश रघुवंशी, प्रताप सिंह लोधी, कामसिंह दांगी, मोहन शर्मा, विकास देवी, कपिल दांगी, गोविंद दांगी, ताज खान, अजय लोधी, हमजा खान, वीर पाल, रामकुमार अहिरवार मौजूद रहे।

व्यापारियों और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगाड़ दिया

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुलाबगंज के अध्यक्ष राजेश दांगी ने कहा कि पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमतों ने किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने कहा कि ईंधन महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ रही है, जिसका सीधा असर खाद्य सामग्री सहित रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जनता से 10 मई तक मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवकी राजा, महिला अध्यक्ष मिथिलेश रघुवंशी, प्रताप सिंह लोधी, कामसिंह दांगी, मोहन शर्मा, विकास देवी, कपिल दांगी, गोविंद दांगी, ताज खान, अजय लोधी, हमजा खान, वीर पाल, रामकुमार अहिरवार मौजूद रहे।

25 साल पुराना अतिक्रमण हटवाने के बाद जमीन पर खोदे गड्ढे

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

दक्षिण रेंज की गुलकरा बीट में वन विभाग ने बुधवार को कड़ी कार्रवाई करते हुए 25 साल पुराना अतिक्रमण हटाया। वन विभाग का अमला सुबह 8 बजे पुलिस बल, बोलेरो, जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंचा। कार्रवाई शाम 4 बजे तक चलती रही।

कार्रवाई के दौरान 2 भाजपा के 15 से अधिक पुलिसकर्मी और 50 से ज्यादा वनकर्मी नकाबी मौजूद रहे। वन विभाग ने अतिक्रमणकारी हिम्मत सिंह यादव द्वारा करीब 30 बीघा वनभूमि पर किए गए कब्जे को हटाया। इस कार्रवाई के अनुसार अतिक्रमण हटाने से पहले कई बार प्रयास किए गए। हर बार अतिक्रमणकारी सामूहिक विरोध और हमले की स्थिति बना देते थे और हर बार विभाग पूरी तैयारी और सुरक्षा सुरक्षा व्यवस्था के साथ पहुंचा। दो दिन पहले डीएफओ हेमंत यादव ने मौके का निरीक्षण किया था। उन्होंने अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कार्रवाई के बाद वन अमले ने कब्जाशुदा जमीन पर गड्ढे खुदवाए। सीमावर्ती क्षेत्र में कटिंग बीजों के बीज बोये। डीएफओ का कहना है कि बारिश शुरू होते ही यहां पौधरोपण किया जाएगा।

दोषियों पर कार्रवाई होगी

जो कर्मचारी या अधिकारी अतिक्रमणकारियों का सहयोग करेंगे/करेंगे वे शामिल पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गुलकरा बीट में हिम्मत सिंह यादव 25 वर्षों से 30 बीघा वनभूमि पर कब्जा किए हुए था। इसी का हटाया गया है।

विवेक चौधरी, रेंजर दक्षिण रेंज लटेरी

15 हजार बीघा में कराया जाता है अतिक्रमण

आरोप है कि वनकर्मी और बीट प्रभारी अवैध उत्खनन कर अतिक्रमण को संरक्षण देते हैं। प्रति बीघा 15 हजार रुपए तक लेकर मौखिक अनुमति दी जाती है। सूत्र बताते हैं कि जैसे–जैसे पब्लिक बढ़ाता है, वैसे–वैसे अवैध वसूली की रकम भी बढ़ती जाती है। हाल के महीनों में कई ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आई हैं। इनमें वनकर्मियों और अतिक्रमणकारियों के बीच कथित लेनदेन की बात वायरल हुई थी।

विदिशा में बस ऑपरेटरों ने किराया बढ़ाने की मांग उठाई

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जिले के बस ऑपरेटरों ने स्टेज कैरिज बसों का किराया बढ़ाने की मांग करते हुए सरकार को ज्ञापन सौंपा है। जिला बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री और संबंधित अधिकारियों से विचार संशोधन की अपील की है।

बस संचालकों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से किराए में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई, जबकि डीजल, स्पेयर पार्ट्स, इंश्योरेंस, फिटनेस शुल्क, टैक्स और कर्मचारियों के वेतन सहित संचालन लागत लगातार बढ़ती जा रही है। उनका दावा है कि मौजूदा किराए में बसों का संचालन घाटे का सौदा बन गया है।

ऑपरेटरों के अनुसार, बढ़ती लागत के कारण छोटे और मध्यम स्तर के संचालक आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

कई रूटों पर बस कारी और अधिक खर्च के चलते संचालन मुश्किल हो गया है। एसोसिएशन ने कोलारी दी है कि सरकार पर निर्णय नहीं लिया गया तो सूने रूटों पर बस सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी होगी।

हादसे में घायल दूसरे युवक की भी मौत, 2 दिन में 2 ने तोड़ा दम, महिला गंभीर

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सागर बायपास रोड पर हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक की भी मौत हो गई। मंगलवार को भी एक युवक की मौत के बाद दो मौत हो गई थी। एक महिला अभी भी गंभीर है। उसका इलाज चल रहा है। सिविल लाईन थाना प्रभारी राजपाल सिंह जादौन ने बताया कि मंगलवार को सागर बायपास पर बालाजी पेट्रोलपंप कॉलोनी के पास कार्डीओवर पर हादसा हुआ था। इसमें सावजमिती कॉलोनी, विदिशा निवासी युवक देव तामेश्वरी अपनी बाइक से गंजबासौदा जा रहा था। उसके साथ उसकी मां नीलम तामेश्वरी और चचेरा भाई रोहन तामेश्वरी भी मोटिया रात जा रहे थे। रास्ते में सड़क निर्माण संबंधी के एक वाहन से उनकी बाइक टकरा गई। इससे देव तामेश्वरी की मौके पर ही मौत हो गई थी। उसके चचेरे भाई की कुमार को इलाज के दौरान भोपाल में मौत हो गई। पुलिस ने कंस्ट्रक्शन कंपनी का कांटेरी वाहन जब्त कर लिया है। उसके ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। वाहन मालिक का पता लगाकर उस पर कार्रवाई की जाएगी।

332 सड़क हादसों में 67 की मौत 2026 में जिले में 332 हादसे हो चुके हैं। इनमें 67 लोगों की जान चली गई। 37 दोपहिया वाहन चालक थे। आधे से ज्यादा मौतों का कारण सिर पर हेलमेट न होना रहा। यदि 2025 पर नजर डालें तो 1246 हादसों में 149 बाइक सवारों की मौत हुई थी।

बिना हेलमेट 1716 लोगों के चालान बन

26 अप्रैल से 10 मई तक ट्रैफिक पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 1716 लोगों के चालान बनाए। उनसे 4 लाख 97 हजार 300 रुपए तक शमन शुल्क वसूला। इसके अलावा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर 500 चालान बनाकर 2 लाख 29 हजार 200 रुपए की कार्रवाई की गई। कुल मिलाकर 15 दिन में 2216 चालान बनाते हुए 7 लाख 26 हजार 500 रुपए जुर्माना वसूला गया। इसके बावजूद सड़क पर बड़ी संख्या में लोग बिना हेलमेट नजर आ रहे हैं। लोगों ने कोई सबक नहीं लिया।

ज्वेलर्स पर 1.96 लाख की चांदी लेकर फरार होने का आरोप

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा के जैन रोड स्थित साधना ज्वेलर्स के संचालक रिंकू सोनी पर एक ग्राहक की करीब 1 लाख 96 हजार रुपये की चांदी लेकर फरार होने का आरोप लगा है। मामले में बेरखिया तहसील के ग्राम पारपोरा निवासी शिवराज जाटव ने किसान साइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिवराज के अनुसार वह 24 मार्च 2026 को अपनी चांदी बेचने साधना ज्वेलर्स पहुंचे थे। चांदी में दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी बंगन और दो जोड़ी गाय जेब शामिल थे, जिनका कुल वजन करीब 800 और 730 ग्राम बताया गया है।

इसकी अनुमानित कीमत 1.96 लाख रुपये थी। आरोप है कि ज्वेलर्स संचालक ने चांदी और बिल अपने पास रखकर आठ घंटे बाद भुगतान का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में लगातार टालमटोल करता रहा। पीड़ित का कहना है कि अब आरोपी का फोन बंद है और घर–दुकान दोनों पर ताला लगा मिला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

विदिशा में 44 डिग्री तापमान, लू से जनजीवन प्रभावित

डीआर संवाददाता ✍ सिरोंज

विदिशा ने भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। मौसम के लगातार दिन जिले में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। दिन के साथ रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही।

भीषण गर्मी के चलते डॉक्टर 12 बजे से शाम 4 बजे तक सड़कों और बाजार लगभग सूने नजर आए। लोग काम जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। तेज लू और तेज गर्मी का असर स्वास्थ्य सेवाओं पर भी दिखा रहा है। जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में उल्टी–दस्त, बुखार और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

डॉक्टरों ने लोगों को पर्याप्त पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने और धूप में निकलते समय सावधानी बरतने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में लू का असर और बढ़ने की संभावना जताई है।

पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमतों पर कांग्रेस का अनोखा विरोध, बांटी मेलोडी टॉफी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा में पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस ने अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंपों पर पहुंचे और वाहन चालकों, आम लोगों व कर्मचारियों को मेलोडी टॉफी बांटी। इस दौरान कांग्रेस ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता परेशान है। उनका आरोप है कि पेट्रोल–डीजल की कीमतों में वृद्धि का असर केवल ईंधन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि खाद्य सामग्री, परिवहन और रोजमर्रा के सामानों की कीमतों पर भी पड़ता है, जिससे आम आदमी की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता महंगाई से जूझ रही है, जबकि सरकार आम लोगों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही। मेलोडी टॉफी बांटना इसी विरोध का प्रतीकात्मक तरीका था।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने महंगाई कम करने और पेट्रोल–डीजल के दाम घटाने की मांग लगाए। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि ईंधन कीमतों में राहत नहीं मिली, तो आगे बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

जिलेभर में फ्लैग मार्च | बकरीद को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च:दिया जाता है नियम

जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद,

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा०

बकरीद एवं अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित संपन्न कराने विदिशा पुलिस द्वारा बुधवार को जिलेभर में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को मजबूत करना, असामाजिक एवं आपत्तिजनक तत्वों को कड़ा संदेश देना तथा त्योहारों के दौरान कानून–व्यवस्था बनाए रखना रहा। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से शांति, भाईचारे और आपसी सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील भी की।

फ्लैग मार्च विदिशा मुख्यालय से प्रारंभ होकर शिवाजी चौक, बड़ा बाजार, लोधीपुरा, रामलीला चौराहा, मुकुटनगर, विवेकानंद चौराहा, नया लश्कराल चौराहा, बसरदेव, सम्राट नहीं, नौगजा चौराहा, एटीएम चौराहा, सिंह कॉलोनी मंदिर, क्रांति चौक, पूरनमुक्ता चौराहा, दुर्गानगर, अहमदपुर चौराहा, पोस्ट मिल, सहीदाबाद ओवरब्रिज, लक्ष्मीका

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष – 13, 2083 | राजगढ़, दिन गुरुवार, दिनांक 28 मई 2026

न्यूज गैलरी

छात्रा को रेडक्रॉस से दिलाई गई सहायता

राजगढ़। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इमित गढ़पाले द्वारा रेडक्रॉस के माध्यम से पाटल विश्वकर्मा को 2 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। छात्रा ने आवेदन देकर बताया था कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह कॉलेज की फीस जमा नहीं कर पा रही है, जिससे उसका प्रवेश अटक गया था। आवेदन पर संवेदनशीलता दिखाते हुए जिला पंचायत सीईओ ने तत्काल सहायता स्वीकृत की। सहायता राशि मिलने के बाद छात्रा के कॉलेज प्रवेश का रास्ता साफ हुआ है। छात्रा व उसके परिजनों ने सहायता के लिए आभार जताया।

23 वर्षीय ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

राजगढ़। सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत हाईवे पर एक ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, मृतक हेमंत पिता राजेंद्र वर्मा (23) निवासी ग्राम बैराड़, जिला शिवपुरी ट्रक लेकर मंगलवार को भोपाल से राजगढ़ की ओर जा रहा था। देर रात गुना हाईवे स्थित खानपुरा के पास एक राजपूत ढाबे पर वह खाना खाने के लिए रुका था। खाना खाने के बाद वह वहीं सो गया। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह जब उसके साथ मौजूद क्लीनर ने उसे उठाने का प्रयास किया तो वह अचेत अवस्था में मिला। काफी देर तक कोई हलचल नहीं होने पर मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

महिला से दुष्कर्म, दो आरोपितों पर केस दर्ज

राजगढ़। कालीपीठ थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ खेत पर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 29 सितंबर 2025 को दोपहर 12 बजे गांव निवासी 45 वर्षीय महिला अपने खेत पर काम कर रही थी। इसी दौरान ग्राम दौलतखेड़ा निवासी ज्ञान सिंह हरिजन और राम बेडावे निवासी नवल सिंह बंजारा वहां पहुंचे और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। महिला का आरोप है कि घटना के बाद आरोपितों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। थाना कालीपीठ पुलिस ने आरोपी ज्ञान सिंह हरिजन एवं नवल सिंह बंजारा के खिलाफ धारा 64(1), 70(1), 351(3) बीएनएस तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस विवेचना कर रही है।

आधार निर्माण और अपडेट शिविर लगाया

राजगढ़। जनपद पंचायत राजगढ़ की ग्राम पंचायत पन्नकखाल एवं पिपलौदी में 26 मई, 2026 तक ग्राम पंचायत सिमला करेड़ी एवं बालौलाई में आधार बनवाने एवं अपडेट हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निःशुल्क आधार जारी एवं अपडेट का कार्य किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत पन्नकखाल में 10 आधार कार्ड नवीन बनाये गये एवं 10 आधार कार्ड अपडेट किए गए। ग्राम पंचायत पिपलौदी में 17 नवीन आधार कार्ड बनाए गए। ग्राम पंचायत करेड़ी में 08 नवीन आधार कार्ड बनाए गए तथा 27 को आधार कार्ड में अपडेट कार्ड किया गया। ग्राम पंचायत बालौलाई में 13 नवीन आधार कार्ड बनाए गए तथा 27 व्यक्तियों को आधार में अपडेट किया गया।

आरोप लगाया | साइट इंजीनियर मौके से नदारद, तकनीकी प्राकलन की अनदेखी का आरोप

करोड़ों से बन रहे कॉलेज को कबाड़ा बनाने तैयार महकमा !

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर

मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त भवनों के निर्माण की योजना के तहत सारंगपुर महाविद्यालय में करोड़ों रुपए की लागत से आवासीय भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

भवन निर्माण के लिए पीआईयू विभाग द्वारा तकनीकी प्राकलन तैयार कर टेंडर जारी किए गए थे, ताकि गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य हो सके। लेकिन वर्तमान में निर्माण कार्य लगभग पहली मंजिल तक पहुंचने के बावजूद गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। आरोप है कि निर्माण गुणवत्ता की जगह बजट बचाने को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि विभागीय अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में तकनीकी मानदंडों की अनदेखी कर संबंधित ठेकेदार मनमानी तरीके से कार्य करा रहा है। आरोप है कि निर्माण गुणवत्ता की जगह बजटबचाव को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि विभागीय अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

निर्माणाधीन भवन में कई प्रकार की खामियां सामने आने के बाद संबंधित ठेकेदार द्वारा पहले कार्य कर रहे मजदूरों और कारीगरों को हटाकर नए श्रमिकों को लगा दिया गया। आरोप है कि ऐसा पूर्व में हुए कार्यों की खामियों और संभावित भ्रष्टाचार को छिपाने के उद्देश्य से किया गया है। मौके पर पहुंचे संवाददाता दल को निर्माण स्थल पर पहले कार्य कर चुके एक भी श्रमिक व कारीगर नहीं मिले। इस संबंध में ठेकेदार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं हो सका। वहीं मौके पर मौजूद ठेकेदार के एक कर्मचारी ने बताया कि किसी काम पर रखना है और किसे हटाना है, यह ठेकेदार का निर्णय है। कर्मचारी ने यह भी कहा कि उसके पास भवन का ड्राइंग डिजाइन या तकनीकी प्राकलन उपलब्ध नहीं है और इस संबंध में विभाग ही जानकारी दे सकता है। निर्माण स्थल पर न तो ठेकेदार मौजूद मिला और न ही विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी या साइट इंजीनियर। ऐसे में भवन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में यह भवन किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

बदले गए मजदूर और कारीगर

मौके पर मौजूद एक श्रमिक ने जानकारी मिली है। पूर्व में भी ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए थे। अब पुनः मौके पर लापरवाही दिखाए जाएगा और यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

महेंद्र सिंह भदौरिया,
एसडीओ पीआईयू विभाग सारंगपुर।

गुना रोड पर सुबह की घटना, भोपाल से सामान भरकर राजगढ़ जा रहा था चालक

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

भोपाल से ट्रक में सामान भरकर राजगढ़ आ रहे एक ट्रक चालक की केबिन में मौत हो गई। रात करीब 3 बजे ड्राइवर और क्लीनर ने गुना रोड स्थित ढाबे पर खाना खाया था। इसके बाद दोनों ट्रक में सो गए, लेकिन सुबह लगभग क्लीनर की नींद खुली तो ड्राइवर केबिन में मृत पड़ा मिला।

घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सिटी पुलिस के अनुसार शिवपुरी जिले के बैराड निवासी चालक हेमंत पुत्र राजेंद्र वर्मा 23)ट्रक लेकर भोपाल से राजगढ़ की ओर जा रहा था। ट्रक में उसके साथ गांव का ही क्लीनर जितेंद्र वर्मा भी मौजूद था। देर रात दोनों गुना रोड स्थित राजपूत ढाबा पहुंचे, जहां खाना खाने के बाद चालक ट्रक की केबिन में सो गया, जबकि क्लीनर पीछे सो गया था। सुबह करीब 11 बजे क्लीनर की आंख खुली तो उसने चालक को उठाने की कोशिश की, लेकिन वह बेहोश पड़ा था। काफी देर तक कोई हलचल नहीं होने पर ढाबा संचालक को जानकारी दी गई। इसकी बाद पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

तबीयत खराब होने पर ट्रक चलाने से किया था मना

ड्राइवर की मौत की सूचना मिलने के बाद बैराड में रहने वाले परिजन ब्यावरा सिविल अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने बताया कि चालक की तबीयत लंबे समय से खराब रहती थी और वह अक्सर बीमार रहता था। इसी वजह से उसे ट्रक चलाने से मना भी किया था, लेकिन उसने परिजनों की बात अनसुनी कर दी और ट्रक लेकर निकल गया।

गुना रोड पर बुधवार सुबह एक ट्रक ड्राइवर का शव ट्रक की केबिन में मिला। क्लीनर के अनुसार दोनों भोपाल से सामान लेकर राजगढ़ जा रहे थे।

रास्ते कार बंद होने पर युवक छोड़कर भागा

डीआर संवाददाता ■ खामीखेड़ा

नगर में मंगलवार दोपहर दिनदहाड़े एक चोरी के प्रयास से हड़कंप मच गया। फतेपुर मोहल्ला निवासी जैन परिवार के घर के बाहर खड़ी इंडो कार को एक युवक स्टार्ट कर ले गया, लेकिन रास्ते में कार बंद होने पर उसे छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे उन्नाव युवक घर के बाहर खड़ी कार लेकर निकल गया। कुछ दूरी पर पहुंचने के बाद कार में तकनीकी खराबी आ गई और वह बंद हो गई। घबराया युवक कार को सामने परिसर स्थित हनुमान मंदिर के पास खड़ी कर मौके से भाग निकला। कुछ देर बाद कार मालिक नरेंद्र गुप्ता आसपास की जानकारी मिली। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोक मुक्त की पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला मुख्यालय से विस्फोटक एक्सपर्ट टीम बुलाकर कार की जांच कराई। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती ने बताया कि पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और जल्द आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

खाद संकट को लेकर किसानों का आंदोलन तेज, 1 जून को प्रदर्शन की चेतावनी

डीआर संवाददाता ■ अरोंकलनगर

जिले में खाद की कमी को लेकर किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। भारतीय किसान संघ ने प्रशासन के खिलाफ 1 जून को शहर में बड़ा प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। संगठन के पदाधिकारी गांव-गांव जाकर किसानों को आंदोलन में शामिल होने के लिए जागरूक कर रहे हैं और पैम्फलेट बांटकर प्रदर्शन की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

भारतीय किसान संघ के प्रदेश लीगल सेल जगदीश सिंह यादव ने बताया कि जिले में करीब 80 हजार किसान हैं, लेकिन अब तक केवल 13 हजार किसानों को ही खाद मिल सका है।

उन्होंने कहा कि मानसून आने में कुछ ही दिन शेष हैं और ऐसे में शेष 67 हजार किसानों तक खाद पहुंचाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। यादव ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने एक माह पहले गई के अंत तक सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। संघ के नेताओं के अनुसार वे करीब 150 गांवों का दौरा कर चुके हैं। जिन किसानों को खाद नहीं मिला है, वे ट्रैक्टर-ट्रॉली और जरूरी सामान के साथ प्रदर्शन में शामिल होंगे। किसान नेताओं ने साफ कहा कि वे खाली हाथ वापस नहीं लौटेंगे।

पेड़ से टकराई बाइक, दस पेड़ से फीट उछला युवक, मौत रज्ज मद बुधवार सुबह की घटना

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

बने राजगढ़ खिलचीपुर के मध्य जालपा पहाड़ी के आगे हुई सड़क दुर्घटना में शहर निवासी 25 वर्षीय युवक महेन्द्र सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह उम्रा शिवप्रताप नगर की मौत हो गई।

बताया गया कि मृतक युवक खिलचीपुर रोड स्थित फुलवारी से अपने घर से अपनी बाइक से राजगढ़ लौट रहा था। इसी दौरान जालपा पहाड़ी की आगे उसकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से उछलकर एक पेड़ से टकरा गई। बाइक के पेड़ से टकराने के साथ चालक युवक करीब 10 फीट दूर लड़खड़ाकर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के उपरांत कई वृक्ष विक्रेता और अन्य ग्रामीण सड़क से गुजर रहे थे। ऐसे में हादसे के कुछ समय बाद ही मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

स्थापना दिवस पर तारणहार हनुमान मंदिर में दो दिवसीय आयोजन संपन्न

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

सारंगपुर नगरपालिका परिसर स्थित तारणहार हनुमान मंदिर में स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम नगरवासियों को समर्पित हो गया। आयोजन में संगीतमय सुंदरकांड पाठ, कलश यात्रा और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। देर रात तक भक्तों ने दर्शन कर नगरवासियों वहां पहुंचे।

इस दौरान गौरव मंडलोई ने बताया कि मंदिर की स्थापना गगा दशहरा पर हुई थी और तभी से प्रतिवर्ष यहां धार्मिक आयोजन की परंपरा निभाई जा रही है। शामपुर जिले के नगरपालिका पार्षद श्री कई सुंदरकांड मंडली ने भजनों और सुंदरकांड पाठ की प्रस्तुति दी।

मेलोडी खाओ और रोजगार-महंगाई भूल जाओ, कांग्रेस

डीआर संवाददाता ■ नरसिंहगढ़

ट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और महंगाई के विरोध में युवा कांग्रेस द्वारा बुधवार को नगर में प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंप से तेली मोहाले तक विरोध मार्च निकाला और रामगंज को मेलोडी सिनेमा कर बंद व रोजा चिलर के खिलाफ नारेबाजी लगाई।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती ट्रोल-डीजल की कीमतों से आम जनता परेशान, लेकिन भाजपा सरकार नारेबाजी पर नियंत्रण करने में विफल रही है।

जिला अध्यक्ष कार्यकर्ताओं ने राजगढ़ नगरपालिका को साइकिल भेंट करने के सांकेतिक मंदा भी एकत्रित किया। इस दौरान लोगों ने 5 और 6 रुपये देकर समर्थन जताया। कार्यक्रम में कमान कांग्रेस प्रदेश महासचिव लखन सिंह ना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष फौल यादव, लोक जनता देवेंद्र बना, अनिल पंचोली,तोजाम चूचो, देवेन्द्र गुर्जर, गिरिराज कलेला, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मंजुलता शिवहरे, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा, कांग्रेस कम

पार्षद दीपक शर्मा, राहुल हुसैन, सोनू बना, जितेंद्र महावर, रघुवीर सिंह बना, एक्सेक्टेट जे पी अग्रवाल, नरेन्द्र कलेला, सैयद अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद

बैठक आयोजित | विश्व पर्यावरण दिवस पर राजगढ़में निकलेगी मौन रैली

पर्यावरण बचाओ, जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की उठेगी मांग, राष्ट्रपति के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजगढ़ जिले के तलेन कस्बे में नव जागृति मंच की पर्यावरण बचाओ समिति की बैठक आयोजित की गई। सरस्वती शिशु मंदिर में हुई इस बैठक में पर्यावरण संरक्षण, बढ़ती जनसंख्या और प्राकृतिक संसाधनों के लगातार हो रहे दोहन जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में इंदौर हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष विजयवर्गीय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

मनीष विजयवर्गीय ने कहा कि देश में तेजी से हो रहे विकास कार्यों के कारण पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने सिंगरौली क्षेत्र का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां हजारों पेड़ों की कटाई से पर्यावरण संतुलन प्रभावित हुआ है।

उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या के कारण जमीन और प्राकृतिक संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है, जिससे भविष्य में गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए बिना किसी भेदभाव के जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की आवश्यकता बताई और समाज के सभी वर्गों से जागरूक होकर आगे आने की अपील की। बैठक में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जनजागरण अभियान चलाने पर भी सहमति बनी।

समिति सदस्यों ने जानकारी दी कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर राजगढ़ जिला मुख्यालय में मौन रैली निकाली जाएगी। रैली खिलचीपुर नाके से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी।

इसका मुख्य संदेश 'पर्यावरण बचाओ, जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करो' रहेगा। रैली के समापन पर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक में सुरेश सक्सेना, करण शर्मा, मुकेश जलोदिया, हरिसिंह कैलाश, ब्रजेन्द्रसिंह पवार और ओमप्रकाश सक्सेना सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।

सारंगपुर अस्पताल में डायलिसिस यूनिट और हेल्थ एटीएम सुविधा शुरू की गई

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर

क्षेत्र के किडनी मरीजों और आम नागरिकों के लिए राहत की खबर है। विधायक एवं राज्यमंत्री ने सिविल अस्पताल सारंगपुर में स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत अत्याधुनिक डायलिसिस यूनिट और हेल्थ एटीएम सेवा का शुभारंभ किया। नई सुविधा शुरू होने से अब मरीजों को डायलिसिस के लिए इंदौर, भोपाल या उज्जैन जैसे बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। कार्यक्रम की सभापीठ करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है।

आधुनिक तकनीक अत्याधिक सेवाओं के विस्तार से स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत हो रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ पालिका नेता निर्मल जैन, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, नीलेश वर्मा, पार्षद राकेश पुष्पद, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, सुधीर जैन, अनाथ सक्सेना, संजय विजयवर्गीय, कमल सहोर सहित जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य अधिकारी, डॉक्टर, कर्मचारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय निवासी मौजूद रहे।